बरेली, शनिवार
12 अप्रैल, 202
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.50
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV TOP

# आज होगा वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया का सम्मेलन, पद्मश्री डा. अलका देंगी व्याख्यान

जागरण संवाददाता, बरेली: वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया का पहला सम्मेलन 12 और 13 अप्रैल को एसआरएमएस मेडिकल कालेज में होगा। इसमें पद्मश्री फिजिशियन डा. अलका देशपांडे और संगठन की चीफ पैट्रन डा. सरिता बजाज समेत कई महिला फिजिशियन महिलाओं की बीमारियों, उनके बेहतर इलाज और शोध कार्यों पर व्याख्यान देंगी। इसकी थीम स्वस्थ भविष्य के लिए चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान रखी गई है।

एसोसिएशन आफ फिजिशियन आफ इंडिया (एपीआइ) की बरेली शाखा के सहयोग से आयोजित हो रहे दो दिवसीय सम्मेलन में विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल होंगी। आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. स्मिता गुप्ता ने कहा कि बीमारियों के उपचार के लिए किए जा रहे शोध कार्यों, अत्याधुनिक स्वास्थ्य तकनीकी की जितनी जानकारी महिला फिजिशियन को होगी, उतना ही बेहतर उपचार महिलाओं का हो सकता है। मुंबई की फिजिशियन और एआइ एक्सपर्ट डा. अनामिका सामंत चिकित्सा क्षेत्र में एआइ की उपयोगिता के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान देंगी। गोरखपुर से आने वाली डा. माधवी और डा. मीनाक्षी अवस्थी आइसीयू में टूडी इको के प्रयोग के बारे में, लखनऊ की डा. आनंदिता सेठ आइसीयू में पोकस के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देंगी। रविवार को गर्भावस्था संबंधित विकार, मेंटल वेलनेस एवं पैलिएटिव केयर के साथ ही महिलाओं से संबंधित अन्य पहलुओं पर विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे।



डा. अलका देशपांडे● सौ. स्वयं

**कार्यक्रम में शामिल होंगी महिला चिकित्सक, एआइ, टूडी ईको, गर्भावस्था संबंधित विकार पर देंगी व्याख्यान**